छत्तीसगढ़ सामाजिक अंकेक्षण इकाई

राज्य कार्यालय, प्रथम तल, विकास भवन, सिविल लाईन, रायपुर छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ सामाजिक अंकेक्षण इकाई की राज्य कार्यालय हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से पदों की निरंतरता वित्तीय वर्ष 2017–18 में स्वीकृत पदों के अंतर्गत निम्नलिखित रिक्त पदों पर भर्ती के लिए नियम व शर्ते, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आयु आदि का उल्लेख करते हुए वाक–इन–इंटरव्यू हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

नियम व शर्तें एवं आवेदन का प्रारूप निम्नानुसार है–

तालिका	पद नांम	शैक्षणिक योग्यता	पद संख्या	कार्य अनुभव	संवर्ग	वेतन (प्रतिमाह)	आयु (वर्ष)
क.	उप प्रबंधक (प्रशासनिक)	शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नात्तकोतर–सामाजिक विज्ञान,(समाजशास्त्र / समाज कार्य) / लोकप्रशासन / प्रबंधन (एमबीए), ग्रामीण विकास एवं पोस्ट ग्रेज्युएट डिप्लोमा इन कम्प्युटर एप्लीकेशन (पी.जी.डी.सी.ए. उत्तीर्ण अनिवार्य)	01	1)शासकीय / अर्धशासकीय / संवैद्यानिक / स्वशासी संस्थान में न्यूनतम 5 वर्ष का कार्यानुभव। (जैसे बैठक, भंडार की जानकारी निविदा,प्रशिक्षण व्यवस्था शासकीय विभागों से पत्राचार, कर्मचारियों का वेतन, अवकाश संबंधी, कर्मचारियों की भर्ती, जिला कार्यालय के साथ समन्वय संबंधी लिपिकीय / प्रशासनिक क्षेत्र में कार्य का अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता। 2) तकनीकी क्षेत्र कम्प्युटर पर कार्यानुभव रखने वालों को प्राथमिकता।	सामान्य	25,000.00	30–45
ख.	प्रशासनिक सहायक	शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नात्तकोतर सामाजिक विज्ञान (समाजशास्त्र / समाज कार्य) / लोक प्रशासन / प्रबंधन (एमबीए) एवं पोस्ट ग्रेज्युएट डिप्लोमा इन कम्प्युटर एप्लीकेशन (पी.जी.डी.सी.ए. उत्तीर्ण अनिवार्य)	01	शासकीय / अर्धशासकीय / संवैद्यानिक संस्थान / में न्यूनतम 3 वर्ष का कार्यानुभव । (आवक–जावक, भंडार संबंधी जानकारी, प्रशिक्षण व्यवस्था शासकीय व अन्य विभागों से पत्राचार, कर्मचारियों का वेतन, अवकाश संबंधी,लिपिकीय / प्रशासनिक क्षेत्र में कार्य का अनुभव । 2) तकनीकी क्षेत्र कम्प्युटर पर कार्यानुभव रखने वालों को प्राथमिकता।	अनु.ज. जाति	20,000.00	25–40
ग.	भृत्य	शासन द्वारा मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्थान से कक्षा आठवीं / दसवीं उर्त्तीण।	01	शासकीय / अर्धशासकीय / संवैद्यानिक संस्थान में न्यूनतम 2 वर्ष का कार्यानुभव अनिवार्य ।	सामान्य –1	7,300.00	25–35

19/9/17

संचालक,
सामाजिक अंकेक्षण इकाई,
छत्तीसगढ़, रायपुर.

तालिका (क) तथा **(ख)** के पद हेतु 20 अंक की कम्प्युटर संबंधी कौशल परीक्षा ली जावेगी (कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग 05 अंक, अंग्रेजी टायपिंग 05 अंक, एक्सेल शीट/पावर पाइंट 05 अंक व इंटरनेट जानकारी हेतु 05 अंक कुल 20 अंक)। **तालिका (क), (ख)** हेतु साक्षात्कार 10 अंक तथा **(ग)** हेतु साक्षात्कार 30 अंक का होगा।

A-शैक्षणिक योग्यता के अंकः—शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता में प्राप्त अंको के प्रतिशत का (अधिकतम 50%) के आधार पर अंकों की गणना की जावेगी।

B-अनुभव हेतु अंक :—तालिका (क), (ख) एवं **(ग)** शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय/संवैधानिक संस्थान में कार्य करने वाले उम्मीदवार को संबंधित क्षेत्र में कार्यानुभव होने पर प्रत्येक एक वर्ष हेतु 02 अंक के आधार पर अधिकतम 20 अंक दिया जावेगा।

1. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता संबंधी सम्पूर्ण अंकसूची/प्रमाण पत्र स्वयं के द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।
2. पद में दर्शित एवं धारित तकनीकी योग्यता (पी.जी.डी.सी.ए. उत्तीर्ण) अभ्यर्थी ही आवेदन करें।
3. टायपिंग (हिन्दी) परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी।
4. साक्षात्कार के समय अंकसूची, अनुभव प्रमाण पत्र सह नियुक्ति आदेश की मूल प्रति लाना अनिवार्य है।
5. आरक्षित वर्ग के आवेदकों को जाति के समर्थन में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया स्थायी जाति प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है।
6. उक्त विभिन्न पदों के लिए दिनांक 01 अप्रैल 2017 को उल्लेखित आयु होनी चाहिए तथा 18 वर्ष से कम आयु के अभ्यर्थी आवेदन न करें। प्रशासनिक पद व कार्यानुभव एवं कर्मचारी के स्थायित्व को ध्यान में रखते हुए कुछ पद हेतु आयु 30 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। 5 वर्ष से अधिक अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को निर्धारित वेतन से अधिक वेतन दिये जाने पर विचार चयन समिति/संचालक द्वारा किया जा सकता है। पदों की संख्या परिवर्तनीय है।
7. छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी जिला रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना चाहिए।
8. आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है ।
9. जन्मतिथि के प्रमाण—पत्र हेतु कक्षा 10 (दसवीं) उत्तीर्ण की अंकसूची/जन्म प्रमाणपत्र की स्वंसत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।
10. अपूर्ण, अस्पष्ट, त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
11. निर्धारित तिथि व समयावधि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और न ही कोई अभ्यावेदन स्वीकार किया जावेगा ।
12. शासकीय/अर्द्धशासकीय/संस्थान में कार्यरत उम्मीद्वारों को अपने संस्था से अनापत्ति प्रमाण पत्र की स्वसत्यापित छायाप्रति आवेदन पत्र में संलग्न करना होगा ।
13. आवेदन पत्र में आवेदक/आवेदिका को वर्तमान का पासपोर्ट साईज का फोटो स्वसत्यापित चस्पा करना अनिवार्य होगा ।
14. पद हेतु उल्लेखित निर्धारित योग्यता के अभ्यर्थी ही आवेदन करें।
15. **तालिका (क), (ख) एवं (ग) में उल्लेखित पदों हेतु प्रतीक्षा सूची जारी की जावेगी जो जारी दिनांक से 31 मार्च 2018 तक वैद्य रहेगी** इस समयावधि में स्वीकृत नये पद/त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को भी प्रतीक्षा सूची से भरा जावेगा।
16. आवश्यकता अनुसार पदों की संख्या घटायी या बढ़ाई जा सकती है, जिसका अधिकार माननीय संचालक, छत्तीसगढ़ सामाजिक अंकेक्षण इकाई राज्य कार्यालय, रायपुर के पास सुरक्षित होगा ।

19/9/17

संचालक,
सामाजिक अंकेक्षण इकाई,
छत्तीसगढ़, रायपुर.

17. साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा ।

18. तालिका क्रमांक **(क), (ख) एवं (ग)** पदों हेतु **दिनांक 31 मार्च 2018** तक नियुक्ति रहेगी। नियुक्ति आदेश एक वित्तीय वर्ष की अवधि के लिए दिया जावेगा। परंतु कार्यमूल्यांकन एवं पदों की निरंतरता के आधार पर कार्यकाल यथावत रहेगा एवं मंत्रालय से पदों की निरंतरता में वृद्धि न होने की दशा में दी गई नियुक्ति स्वमेव समाप्त होगी।

19. किसी भी स्तर से व्यक्तिगत संपर्क अथवा दबाब डलवाने पर आवेदक को अपात्र घोषित किया जा सकता है।

20. वॉक–इन–इंटरव्यू के परिणाम तथा भर्ती से संबंधित सूचनायें राज्य कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी तथा परिणाम वेबसाईट www.sau.cg state.gov.in एवं WWW.cgstate.gov.in पर जारी की जावेगी।

अन्य शर्ते :–

1. संबंधित पद में सिर्फ मासिक एकमुश्त राशि वेतन देय होगी। इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन, मंहगाई भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता इत्यादि नहीं दिया जायेगा तथा नियुक्ति के अधीन वार्षिक वेतन वृद्धि की पात्रता नहीं होगी। समिति का निर्णय मान्य होगा। उपस्थिति के बाद एक सप्ताह में स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा । स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के बाद ही वेतनमान आहरित किया जा सकेगा।

2. नियुक्त कर्मचारी को प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष में 18 दिनों का आकस्मिक अवकाश की पात्रता होगी । वर्ष के मध्य में नियुक्त होने अथवा सेवामुक्त होने पर आकस्मिक अवकाश के पात्रता की गणना में अपूर्ण दिवस को आगामी पूर्ण दिवस से पूर्णांकित किया जावेगा। कैलेण्डर वर्ष का तात्पर्य 12 माह की वास्तविक सेवा से लगाया जाएगा ।

3. नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सामाजिक अंकेक्षण इकाई के नियम से शासित होंगे ।

4. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है । दोनों पक्षो में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या इसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी ।

5. नियुक्त कर्मचारी का कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन लिखा जायेगा ताकि यदि आगामी वर्ष हेतु पुनः नियुक्ति दी जानी हो तो इसके आधार पर हो सके ।

6. नियुक्ति उल्लेखित संस्था के लिए की गई है । अवधि बढ़ाई जाने की स्थिति में इस पदस्थापना में कोई परिवर्तन नहीं किया जावेगा ।

7. शासकीय कार्यालयीन समय व दिवस में दिनांक 26.09.2017 को सांय 05.00 बजे तक सिर्फ पंजीकृत डॉक द्वारा आवेदन स्वीकार किया जावेगा। आवेदन के साथ पद संबंधित समस्त दस्तावेजों की स्वसत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

8. उपरोक्त पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक व तकनीकी योग्यता एवं अनुभव के परीक्षण उपरांत शार्ट लिस्ट (मेरिट निर्धारित गणना अंक) के आधार पर केटेगरीवाइस प्राप्त अंको की मेरिट सूची में सुयोग्य पाये जाने वाले अभ्यर्थियों को 01 पद के विरूद्ध अधिकतम 05 अभ्यर्थियों की सूची कौशल परीक्षा के लिए जारी की जावेगी। कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको को जोड़कर साक्षात्कार हेतु मेरिट सूची जारी की जावेगी । जिसकी सूचना दूरभाष व ई–मेल के माध्यम से भेजी जावेगी।

9. मेरिट सूची में समान अंक पाने वाले अभ्यर्थी की स्थिति निर्मित होने पर अधिक आयु व अनुभव के अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी/चयन समिति का निर्णय मान्य होगा।

10. कार्यालय में प्राप्त समस्त आवेदनों की जॉच/परीक्षण उपरांत वाक–इन–इटरव्यू की सूचना राज्य कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी तथा दूरभाष द्वारा सूचित किया जावेगा एवं वेबसाईट www.sau.cg state.gov.in एवं WWW.cgstate.gov.in पर भी सूची जारी की जावेगी।

19/9/17

संचालक,
सामाजिक अंकेक्षण इकाई,
छत्तीसगढ़, रायपुर.

11.शैक्षणिक योग्यता की अंक सूची में दर्ज माह/वर्ष के उपरांत से प्राप्त अनुभव के आधार पर अंक की गणना की जायेगी।

12.सभी पदों के लिए राज्य कार्यालय द्वारा निर्धारित आवेदन प्रारूप मान्य होगा। पद हेतु निर्धारित योग्यता से उच्च योग्यता धारित अभ्यार्थी का आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है।

पत्राचार, कौषल परीक्षा, साक्षात्कार स्थल एवं आवेदन भेजने का पता :–

संचालक, छत्तीसगढ़ सामाजिक अंकेक्षण इकाई, राज्य कार्यालय, विकास भवन, प्रथमतल, सिविल लाइन, राजभवन के पीछे, रायपुर (छत्तीसगढ़), पिन कोड– 492 001.

आवेदन पत्र भेजने की अंतिम तिथि 26.09.2017, सांय 05.00 बजे तक, बंद लिफाफे में पंजीकृत डॉक द्वारा निर्धारित आवेदन प्रारूप में आवेदन पत्र स्वीकार किया जावेगा। लिफाफे के उपर पदनाम अंकित करना आवश्यक है।

संचालक

छत्तीसगढ़ सामाजिक अंकेक्षण इकाई

संचालक,
सामाजिक अंकेक्षण इकाई
छत्तीसगढ़, रा

वॉक–इन–इंटरव्यू

आवेदन पत्र का प्रारूप (अपरिवर्तनीय)

प्रति,

संचालक,
छत्तीसगढ़ सामाजिक अंकेक्षण इकाई,
राज्य कार्यालय, विकास भवन प्रथमतल,
सिविल लाइन, राजभवन के पीछे, रायपुर (छ.ग.)

स्वयं के द्वारा प्रमाणित रंगीन पास्पोर्ट साईज का फोटो चस्पा करें ।

.....

छत्तीसगढ़ सामाजिक अंकेक्षण इकाई राज्य कार्यालय रायपुर के लिए विज्ञापन दिनांक ..... में विज्ञापित पदों में से (पद का नाम.....) के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ ।

1. आवेदक/आवेदिका का नाम : .....

2. पिता/पति का पूरा नाम : .....

3. जन्म तिथि (अंको में व शब्दों में) : .....

.....

4. आयु (दि.01/04/2017 की स्थिति में) :.....

5. जाति (अजा/अजजा/अपिव/अना) : .....

6. स्थाई निवास का पूर्ण पता : .....

.....

7. पत्र व्यवहार का वर्तमान पूर्ण पता : .....

.....

फोन नं. एवं ई–मेल : .....

8. रोजगार कार्यालय का नाम : .....

जीवित पंजीयन क्रमांक व दिनांक : .....

9. छत्तीसगढ़ का मूल निवासी प्रमाण पत्रः (हॉ/नहीं).....

10.वैवाहिक स्थिति व संतान (हॉ/नहीं).....

19/9/17

संचालक,
सामाजिक अंकेक्षण इकाई,
छत्तीसगढ़, रायपुर.

11. शैक्षणिक योग्यता का विवरण :–

क्र.	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	विषय	उत्तीर्ण करने का वर्ष	बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम	प्रतिशत
1.	आठवीं (8वीं)				
2.	हाई स्कूल (10 वीं)				
3.	हायर सकेंड्री स्कूल (12 वीं)				
4.	स्नातक				
5	स्नात्कोत्तर				

12. तकनीकी योग्यता का विवरण :–

क्र.	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	विषय	उत्तीर्ण करने का वर्ष	बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम	रिमार्क
1.	पी.जी.डी.सी.ए.				
2.	टायपिंग				
3.					
4					

13. कार्यानुभव का विवरण :–

क्र.	कार्यालय / संस्था का नाम	दिनांक से	दिनांक तक	कार्य विवरण	कुल अनुभव वर्ष
1.					
2.					
3.					

19/9/17
संचालक,
सामाजिक अंकेक्षण इकाई,
छत्तीसगढ़, रायपुर.

14. स्वसत्यापित सहपत्रों का विवरण :–

1. ..... 2. .....

3. ..... 4. .....

5. ..... 6. .....

7. ..... 8. .....

9. ..... 10. .....

घोषणा–पत्र

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि ऊपर वर्णित जानकारी एवं आवेदन पत्र में संलग्न समस्त सहपत्र मेरी जानकारी में पूर्णतः सत्य हैं । कोई भी जानकारी असत्य, फर्जी अथवा झूठा पाये जाने पर मेरा/मेरी आवेदन को निरस्त करते हुए कार्यवाही का अधिकार चयन समिति/अधिकारी को होगा, जो मुझे मान्य है ।

दिनांक .....

स्थान .....

आवेदक/आवेदिका के पूर्ण हस्ताक्षर

हस्ताक्षर .....

नाम .....

19/9/17

संचालक,
सामाजिक अंकेक्षण इकाई
छत्तीसगढ़, रायपुर.